<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर विश्वविद्यालय का 35वां दीक्षान्त समारोह 7 नवम्बर 2023 को

पन्तनगर। 1 नवम्बर 2023। पन्तनगर विश्वविद्यालय का 35वां दीक्षान्त समारोह 7 नवम्बर 2023 को प्रशासनिक भवन स्थित दीक्षांत पण्डाल में आयोजित होगा। दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि भारत के राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मु तथा अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड के राज्यपाल एवं कुलाधिपति ले. जनरल गुरमीत सिंह तथा साथ ही विशिष्ठ अतिथि श्री पुष्कर सिंह धामी माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड एवं विशिष्ठ अतिथि श्री गणेश जोशी, माननीय कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड होंगे। इस दीक्षान्त समारोह में वर्ष 2022–23 तक पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके स्नातक, स्नातकोत्तर एवं परास्नातकोत्तर के 1134 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। उपाधियों के साथ–साथ वर्ष 2022–23 में कुल 11 कुलपति स्वर्ण पदक, 11 रजत पदक एवं 10 कास्य पदक भी प्रदान किये जायेंगे। इसके साथ ही एक सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से भी सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों की विषिष्ठ उपलब्धियों के लिए उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पुरस्कार भी इस दीक्षान्त समारोह में दिये जायेगें।

**निदेशक संचार**